_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh
Date- 03.07.2024 Class - IV
Subject- Hindi Language Page - 1
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

हिन्दी व्याकरण
शुद्ध करो

सुप्रभात प्यारे बच्चो !
यह पाठ 'शुद्ध करो' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। यह पाठ आपको 4 जुलाई, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम 'शुद्ध करो' के बारे में पढ़ेंगे। इस लिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो ! अब मैं आपको 'शुद्ध करो' के बारे में समझाऊँगी। यदि आप तैयार हैं तो मैं आपको 'शुद्ध करो' करवाने जा रही हूँ, सभी बच्चे इन्हें ध्यानपूर्वक सुनेंगे एवं समझेंगे।

शुद्ध करो

बच्चो ! ध्वनि शब्द तथा वाक्य-प्रयोग के स्तर पर प्रत्येक भाषा का एक मानक (वह रूप जो शिक्षाविदों द्वारा माना जाता है) रूप होता है। बोलने तथा लिखने में उसी भाषा का प्रयोग करते हैं जिसे शिक्षाविदों द्वारा सही माना जाता है।
इस प्रकार —

Scanned with CamScanner

Date - 03.07.2024 Class- IV
Subject- Hindi Language Page-2
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

भाषा के मानक रूप से भिन्न प्रयोग अशुद्ध कहा जाएगा। भाषा का शुद्ध लेखन उसके शुद्ध उच्चारण पर निर्भर करता है। बच्चो! हिन्दी भाषा उसके उच्चारण के अनुसार लिखी जाती है। जिसे जैसा बोला जाता है वैसा ही लिखा जाता है। हम भाषा को तभी शुद्ध लिख सकते हैं, जब हमें उसका शुद्ध उच्चारण करना आता होगा। अशुद्ध उच्चारण के कारण ही बहुत सारी अशुद्धियाँ देखने को मिलती हैं। इस लिए किसी भी भाषा का शुद्ध रूप सीखना बहुत ज़रूरी है। आज हम कुछ शब्दों का शुद्ध रूप सीखेंगे।

शुद्ध करो

| | अशुद्ध | शुद्ध |
|---|---|---|
| 1. | चिन्ह | चिह्न |
| 2. | पड़ाई | पढ़ाई |
| 3. | तिथी | तिथि |
| 4. | डाकु | डाकू |
| 5. | प्रनाम | प्रणाम |
| 6. | व्रक्ष | वृक्ष |

Scanned with CamScanner

_/_/_

Date- 03.07.2024 Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

| | | |
|---|---|---|
| 7. | प्रसंशा | प्रशंसा |
| 8. | सन्यासी | संन्यासी |
| 9. | चंडीगाड़ | चंडीगढ़ |
| 10. | करन | कर्ण |
| 11. | त्यौहार | त्योहार |
| 12. | सैना | सेना |
| 13. | श्रीमति | श्रीमती |
| 14. | परिक्षा | परीक्षा |
| 15. | मिठाईयाँ | मिठाइयाँ |

बच्चो मैंने आपको 'शुद्ध करो' अर्थात् शब्दों के शुद्ध रूप समझा दिए हैं। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न -1. शब्दों का मानक रूप कौन-सा होता है?
प्रश्न -2. लिखते समय होने वाली अशुद्धियों का क्या कारण होता है?

Scanned with CamScanner

__/__/__

Date- 03.07.2024 Class - IV
Subject - Hindi Language Page - 4
Subject Teachers- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma.

प्रश्न - 3. पड़ाई शब्द का शुद्ध रूप लिखें।

बच्चो! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इनके उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. शब्दों का वह रूप जो शिक्षाविदों द्वारा माना जाता है, मानक रूप होता है।

उत्तर - 2. अशुद्ध उच्चारण के कारण ही लिखते समय अशुद्धियाँ होती हैं।

उत्तर - 3. पढ़ाई

प्यारे बच्चो! आशा है आप सभी ने सारे शुद्ध शब्द समझ एवं याद कर लिए होंगे। अब मैं आपको गृह कार्य दूँगी, जिसे आप सभी अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखेंगे।

गृह कार्य :-

- बच्चो! आप यह शुद्ध करो ध्यानपूर्वक पढ़ेंगे एवं समझेंगे, जिसमें अभिभावक बच्चों की सहायता करेंगे।
- बच्चे ऊपर दिए 15 शुद्ध करो अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।
- आप इन शब्दों को याद भी करेंगे।

धन्यवाद!

Last page.

Scanned with CamScanner